**खबर संक्षेप**

## बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस ने किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज: कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशानुसार जिले भर में बैंकों एवं एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सुरक्षा मापदंडों की जांच कर उन्हें और अधिक सुदृढ़ बनाना था। जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों अंतर्गत स्थित बैंकों एवं एटीएम की सुरक्षा जांच की गई। इस दौरान बैंक प्रबंधकों से सुरक्षा गार्डों की संख्या, उनकी 24×7 तैनाती एवं एटीएम की निगरानी व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान एटीएम पर तैनात सुरक्षा गार्डों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के प्रवेश करने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दें। साथ ही चेहरे पर मास्क, कपड़ा या अन्य तरीके से पहचान छुपाकर एटीएम में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों को अंदर प्रवेश न देने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशील स्थिति, बैंकों के अंदर-बाहर की सुरक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षा गार्डों की तैनाती का जायजा लिया गया।

### नाक के नीचे सक्रिय हैं खून के सौदागर, एसडीएम ने दबोचा

# जिला अस्पताल बना 'मौत और दलाली' का केंद्र-मासूमों की रगों में दौड़ता जहर और सिस्टम की बेशर्मी





सतना।

जिले का सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल इन दिनों स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नहीं, बल्कि रूहकंपा देने वाली लापरवाही और भ्रष्टाचार के 'काले साम्राज्य' के लिए सुर्खियों में है। मासूम बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने के मामले से अभी पूरा देश सन्न था ही कि अस्पताल परिसर में सक्रिय 'खून के सौदागरों' के भंडाफोड़ ने स्वास्थ्य विभाग के ताबूत में आखिरी कील ठोक दी है।

### फिल्मी स्टाइल में 'ब्लड सिंडिकेट' का पर्दाफाश

जिला अस्पताल के बाहर मौजूद पान की गुमटियां और फल के ठेले केवल खान-पान के ठिकाने नहीं,बल्कि इंसानी खून की सौदेबाजी के अड्डे बन चुके हैं। रघुराज नगर एसडीएम राहुल सिलाडिया ने एक 'फुलप्रूफ' प्लान के तहत फिल्मी अंदाज में जाल बिछाया। प्रशासन ने एक नकली ग्राहक भेजकर 4,500 रुपये में खून का सौदा तय किया। जैसे ही दलाल ने प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए नोटों की गड्डी पकड़ी और ब्लड सैंपल के बदले डोनर बुलाने की बात कही,टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। यह गिरफ्तारी इस बात का प्रमाण है कि अस्पताल की नाक के नीचे गरीबों के खून का सौदा हो रहा है। सवाल यह है कि बिना ब्लड बैंक के अंदरूनी कर्मचारियों की मिलीभगत के,बाहर बैठा एक मामूली दलाल सरकारी खून की बोली कैसे लगा सकता है?

### 'जिंदगी' के नाम पर 'मौत' का इंजेक्शन

सबसे ज्यादा विचलित करने वाली खबर उन मासूम बच्चों की है,जिन्हें सुरक्षित जीवन देने के बजाय अस्पताल प्रबंधन ने एचआईवी पॉजिटिव खून चढ़ा दिया। इस अक्षम्य अपराध ने कई परिवारों के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया है। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के बजाय उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है।

### जांच या लीपापोती? बंद कमरों में 'गोपनीय' खेल

मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली से विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय टीम सतना पहुंची है। लेकिन बुधवार को जिला अस्पताल का नजारा किसी अभेद्य किले जैसा था। भारी पुलिस बल की तैनाती कर मीडिया को जांच से दूर रखा गया।

### बड़ा सवाल

अगर जांच पारदर्शी और ईमानदार है,तो मीडिया के कैमरों से नजरें क्यों चुराई जा रही हैं? क्या दिल्ली से आई टीम सच को उजागर करने आई है या केवल होटल का बिल बढ़ाकर सरकारी खानापूर्ति और फाइलों को दबाने का काम चल रहा है?अधिकारियों की चुप्पी और मीडिया से दूरी दाल में कुछ काला होने का साफ संकेत दे रही है।

## सियासत का पारा गरमः 'करो या मरो' की भूख हड़ताल



**सतना।** रक्त कांड की आग अब सियासी गलियारों तक पहुंच चुकी है। कांग्रेस ने इस मामले को लेकर मोर्चा खोल दिया है और अस्पताल के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। कांग्रेस नेता रितेश त्रिपाठी और अन्य कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यह अस्पताल अब 'भ्रष्टाचार का अड्डा' बन चुका है। कांग्रेस ने एक गंभीर मुद्दा उठाते हुए पूछा है कि सिविल सर्जन डॉ.मनोज शुक्ला,जिनकी निगरानी में यह पूरा कांड हुआ,उन्हें दंड देने के बजाय पदोन्नत कर 'मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी' क्यों बनाया गया? यह प्रमोशन पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। प्रदर्शन कारियों का कहना है कि जब तक दोषियों को जेल नहीं भेजा जाता,उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी।

### सिस्टम की गद्दारी और मासूमों का हक

यह मामला सिर्फ एक चिकित्सकीय लापरवाही नहीं है,बल्कि एक संगठित आपराधिक कृत्य है। एक तरफ रसूखदारों को बचाने के लिए सिस्टम एड़ी-चोटी का जोर लगा रहा है, तो दूसरी तरफ वे गरीब परिवार हैं जिनके बच्चे अब ताउम्र एक लाइलाज बीमारी का दंश झेलने को मजबूर होंगे।

### प्रशासन से तीखे सवाल

ब्लडबैंक और दलालों के बीच के उस 'पुल' को कब तोड़ा जाएगा? क्या एचआईवी कांड के असली गुनहगारों का नाम कभी सार्वजनिक होगा? क्या सरकार उन मासूमों को न्याय दिला पाएगी जिनके साथ सिस्टम ने गद्दारी की है? जिला अस्पताल के इस 'रक्त कांड' ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं,तो न्याय की उम्मीद करना बेमानी सा लगता है। अब सबकी निगाहें दिल्ली की जांच टीम और प्रदेश सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं।

# रफ्तार का कहर, कहीं घर में घुसा ट्रक तो कहीं डिवाइडर पर चढ़ी बस

सतना। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए तीन बड़े सड़क हादसों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।नागौद,रामपुर बाघेलान और ओवरब्रिज क्षेत्रों में हुई इन घटनाओं में कहीं लोग गंभीर रूप से घायल हुए,तो कहीं बड़ा हादसा होते-होते टल गया।



### कुलगढ़ी में बाइक सवार को ट्रक ने रौंदा,हालत गंभीर

नागौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत उचेहरा-नागौद मुख्य मार्ग पर स्थित कुलगढ़ी में बीती रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया,जबकि ट्रक चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सक्रियता से घायल को तुरंत एंबुलेंस के जरिए नागौद अस्पताल पहुँचाया गया,जहाँ उसका उपचार जारी है।

### ओवरब्रिज पर बस का ब्रेक फेल,बाल-बाल बचे यात्री

शहर के ओवरब्रिज पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक यात्री बस का अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित होकर बस डिवाइडर पर चढ़ गई। गनीमत रही कि बस पुल के नीचे नहीं गिरी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और यात्रियों की जान बच गई।

### अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा,सो रहे ग्रामीण सुरक्षित

रामपुर बाघेलान-अमरपाटन मार्ग पर स्थित कृष्णगढ़ में गुरुवार तड़के करीब 4 बजे एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे बने एक घर में जा घुसा। हादसे के समय घर के लोग अंदर सो रहे थे,जो बाल-बाल बच गए। सूचना मिलने पर रामपुर बाघेलान पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक को कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कोर्ट परिसर में दुष्कर्म के आरोपी पर हमला भारी हंगामे के बीच पुलिस ने बमुश्किल बचाया




सतना

जिला न्यायालय परिसर में गुरुवार को उस वक्त सनसनी फैल गई,जब एक गंभीर अपराध के आरोपी को पेशी पर लाए जाने के दौरान आक्रोशित भीड़ ने उस पर हमला कर दिया। दुष्कर्म, हत्या के प्रयास और अड़ीबाजी (उगाही) जैसे संगीन मामलों में गिरफ्तार आरोपी शुभम पाल को जब पुलिस कोर्ट के भीतर ले जा रही थी,तभी करीब 50 युवकों ने उसे घेर लिया और जमकर मारपीट की।

### अचानक हुए हमले से मची अफरा-तफरी

कोलगवां थाना पुलिस आरोपी शुभम पाल को कड़ी सुरक्षा के बीच मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश करने पहुंची थी। पुलिस वैन से उतरकर जैसे ही आरोपी कोर्ट की सीढ़ियों की ओर बढ़ा,वहां पहले से घात लगाकर बैठे 15-15 युवकों के अलग-अलग समूहों ने अचानक धावा बोल दिया। देखते ही देखते कोर्ट परिसर अखाड़े में तब्दील हो गया। हमलावरों ने सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए आरोपी पर लात-घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। हैरान करने वाली बात यह रही कि हमले के दौरान आरोपी शुभम पाल ने भी पीछे हटने के बजाय पास पड़ी एक लाठी उठाकर हमलावरों पर भांजने की कोशिश की,जिससे स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई। अचानक हुई इस हिंसक झड़प से वकील, मुवक्किल और वहां मौजूद आम जनता के बीच भगदड़ मच गई।

### पुलिस की सूझबूझ से टली बड़ी घटना

मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाला और मानव श्रृंखला बनाकर आरोपी को उग्र भीड़ के चंगुल से छुड़ाया।पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शुभम पाल को सुरक्षित अदालत कक्ष के भीतर पहुंचाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल भारी पुलिस बल को कोर्ट परिसर में तैनात किया गया और सुरक्षा घेरा मजबूत कर दिया गया।

### आरोपी का आपराधिक इतिहास और लोगों का आक्रोश

जानकारी के अनुसार,शुभम पाल पर कोलगवां थाने में दुष्कर्म,जानलेवा हमला और अवैध वसूली (अड़ीबाजी) के कई गंभीर मामले दर्ज हैं। आरोपी की आपराधिक गतिविधियों के कारण स्थानीय युवाओं और समाज में लंबे समय से भारी आक्रोश था। यही आक्रोश आज कोर्ट परिसर में हिंसक रूप में फूट पड़ा।

### पुलिस की कार्रवाई और जांच

पुलिस प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। अधिकारियों का कहना है कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जा सकती। पुलिस अब कोर्ट परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।पुलिस का कहना है कि आरोपी को पेशी के लिए लाया गया था,जहां कुछ युवकों ने उस पर हमला किया। स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। हमलावरों की शिनाख्त की जा रही है और कानून को हाथ में लेने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल कोर्ट परिसर में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है,लेकिन इस घटना ने अदालत की सुरक्षा व्यवस्था और अपराधियों के प्रति बढ़ते जन-आक्रोश पर एक नई बहस छेड़ दी है।

# विकास कार्यों की समीक्षा बैठक 22 दिसम्बर को

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में 22 दिसम्बर को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में सडक निर्माण कार्यो एवं स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने संबंधितों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## रमेश बने कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष



**मैहर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान के तहत रमेश प्रजापति 'मुन्ना' को मैहर का कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। रमेश प्रजापति लंबे समय से कांग्रेस विचारधारा के प्रति समर्पित होकर जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे हैं। उनके अनुभव और सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

## शासकीय कन्या विद्यालय में 'एक राष्ट्र,एक चुनाव' पर संवाद



**मैहर।** शासकीय पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को इस विषय के महत्व और भविष्य की संभावनाओं के बारे में संबोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुकराम सिंह पैकरा ने की। इस दौरान श्री मती विजया चोपड़ा,दिनेश पुरी गोस्वामी,अभियान के जिला संयोजक साहिल सिंह और जिला सह-संयोजक आशुतोष सिंह बघेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने राष्ट्रहित में इस तरह के संवादों को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

## विधायक ने किया निर्माणाधीन वॉलीबॉल स्टेडियम का निरीक्षण



मैहर।

विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने नगर में बन रहे वॉलीबॉल स्टेडियम के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कार्य की प्रगति का जायजा लिया और ठेकेदार व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए और कार्य शासन के मानकों के अनुरूप ही हो। विधायक ने कहा कि युवाओं के लिए खेल सुविधाओं का विकास क्षेत्र की प्राथमिकता है।उन्होंने कार्य को समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,अनिल दरयानी,अरुण मिश्रा और बड़ी संख्या में स्थानीय खिलाड़ी मौजूद रहे।

## केजेएस सीमेंट ने धूमधाम से मनाया धात्विक खान सुरक्षा सप्ताह



सतना।

केजेएस सीमेंट राजनगर मैहर में 37वां धात्विक खान सुरक्षा सप्ताह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में केजेएस माइंस विभाग के स्टाफ ने खान सुरक्षा से संबंधित शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर बोलते हुए निरीक्षण दल के संयोजक पंकज मिश्रा (प्रिज्म जानसन सीमेंट) ने माइंस में कार्य करते समय सुरक्षा और सावधानी के बारे में विस्तार से चर्चा की और बताया कि किस प्रकार से हमें नई-नई टेक्नोलॉजी का समावेश करके स्वयं को,साथी को और खदान को सुरक्षित रखना चाहिए। टीम के अन्य सदस्य जयंत दास,केके विश्वकर्मा और संजय नंदी ने भी अपने विचार प्रकट किए और अगले वर्ष को दुर्घटनारहित वर्ष बनाने का आह्वान किया। इससे पहले निरीक्षण दल के आयोजन स्थल पर पहुंचने पर केजेएस माइंसप्रमुख विजय सिंह राठौर व अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। अपने उद्घाटन भाषण में श्री राठौर ने बताया कि केजेएस की सभी खदानें सुरक्षा के सभी मापदंडों का कड़ाई से पालन करती हैं जिसकी वजह से हम शून्य दुर्घटना का लक्ष्य प्राप्त करने में सफल होते हैं। केजेएस के सीओओ राजेश बैरागी ने अपने संबोधन में कंपनी द्वारा प्लांट व माइंस में किए जा रहे सुरक्षा उपायों के बारे विस्तार से बताया।

समारोह के अंत में स्लोगन तथा पोस्टर कंप्टीशन के प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन एके वर्मा महाप्रबंधक (माइंस) ने किया। अन्त में निरीक्षण दल ने केजेएस की खदानों का गहन निरीक्षण करने के पश्चात संतोष प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके चौधरी,आरपी सैनी,अतिन्द्र भट्टाचार्य,रवि मिश्रा,आरपी द्विवेदी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में एचआर हेड संजय पांडेय, ईएंडआई हेड आर के नम्मी, सीपीपी हेड वीरेन्द्र गौतम,सेफ्टी हेड अखिलेश कुशवाहा,क्यूसी हेड ईश्वर साहू आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।




**खबर संक्षेप**

## 8 महीने की गोद में संजोए दो मासूमों की मां, खुले कुएं में फिसलकर डूब गई

**पन्ना।** कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत तिलगवां के कोढन जमुनहाई में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे गांव को शोक की चादर ओढ़ा दी। 40 वर्षीय गर्भवती महिला आरती दहायत, जिनकी कोख में 8 महीने का लाल-पल रहा था, अपने ही खुले कुएं में पानी भरते समय फिसल गईं और पानी की गहराई में डूबकर हमेशा के लिए खामोश हो गईं। पीछे रह गए दो मासूम बच्चेकृ5 साल का बेटा और 3 साल की बेटी, जो अब अनाथों की तरह तड़प रहे हैं।परिजनों की रो-रोकर बुझी आवाज में बताया गया कि 16 दिसंबर को सुबह करीब 11 बजे आरती पानी भरने कुएं पर गई थीं। नया खोदा गया यह कुआंकृकरीब 10 फिट गहराकृबंधा नहीं था। फिसलन भरी मिट्टी पर उनका पैर सरक गया और वो गहरे पानी में समा गईं। घंटों बाद परिजन हैरान-परेशान उनकी तलाश में लगे रहे। रिश्तेदारों से संपर्क किया, पूरा गांव चिंतित हो गया, लेकिन कहीं सुराग न मिला। 17 दिसंबर को कुएं में उफनाती साड़ी दिखी तो खलबली मच गई। तलाशी ली गई तो आरती का शव मिलाकृवो मां जो जीवन की नई उम्मीद संजोए थी। पुलिस को सूचना मिलते ही कोतवाली टीम पहुंची। पंचनामा भरकर शव को जिला चिकित्सालय पन्ना भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन फूट-फूटकर रो रहे हैं, ष्कौन संभालेगा अब इन मासूमों को?ष गांववासी सवाल उठा रहे हैंकृनए कुओं पर ढक्कन क्यों नहीं? आखिर कितनी मांएं ऐसी कुर्बानी देंगी?यह हादसा सुरक्षा की कमी का करुण चित्रण है। जिम्मेदारों को जगने का समय आ गया है। लाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

## रिपोर्ट दर्ज कराने जा रही महिला से मारपीट, पुलिस ने मामला दर्ज किया

**अमानगंज।** थाना अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत हिनौती रोड पर नरेश गल्ला व्यापारी की दुकान के सामने उस समय विवाद हो गया, जब थाने में शिकायत दर्ज कराने जा रही एक महिला के साथ मारपीट की गई। पीड़िता की शिकायत पर अमानगंज पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सुनीता पति प्रमोद सोनी (उम्र 45 वर्ष) निवासी ग्राम कामताना ने थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि उसके घर के बाहर रखी चिप को आरोपी गुड्डू सिंह द्वारा तोड़ दिया गया था। मना करने पर भी आरोपी द्वारा विवाद किया गया। फरियादी के अनुसार उक्त घटना की शिकायत दर्ज कराने वह अमानगंज थाने जा रही थी, इसी दौरान अमानगंजदृहिनौती रोड पर नरेश गल्ला व्यापारी की दुकान के पास आरोपी गुड्डू सिंह एवं मोनू राजा ने उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट में महिला को चोटें आई हैं। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच पूर्ण होने के बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# कॉन्फ्रेंस हॉल पन्ना में सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत 18 दिवसीय "सृजन कार्यक्रम" का किया गया शुभारंभ

पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के मार्गदर्शन में पन्ना पुलिस द्वारा सामाजिक एवं कानूनी विषयों पर 18 दिवसीय "सृजन कार्यक्रम" का आयोजन पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल, पन्ना में प्रारंभ किया गया।






**पन्ना।** उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ आज दिनांक 18.12.25 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान द्वारा किया गया। शुभारंभ के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि "सृजन कार्यक्रम" का मुख्य उद्देश्य समाज के ऐसे बच्चों एवं किशोरों को मुख्यधारा से जोड़ना है, जो विभिन्न कारणों से कम उम्र में ही शिक्षा से वंचित हो गए हैं या समाज की मुख्य धारा से भटक गये है तथा उन्हें आत्मनिर्भर, जागरूक एवं सशक्त नागरिक के रूप में विकसित करना है। इस 18 दिवसीय "सृजन कार्यक्रम" में आगरा मोहल्ला क्षेत्र के लगभग 90 बच्चों को शामिल किया गया है, जिनमें अधिकांश ऐसे बच्चे हैं जिन्होंने कम उम्र में ही पढ़ाई छोड़ दी है। कार्यक्रम के माध्यम से इन बच्चों को सशक्त बनाने हेतु विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान आगामी दिनों में च्व्ब्ैव ।बज किशोर न्याय अधिनियम, आईटी एक्ट, साइबर अपराध एवं सोशल मीडिया सेफ्टी, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, नशा निषेध कानून, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा, साथ ही भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधानों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे तथा बच्चों को व्यवहारिक एवं जीवन कौशल से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। उक्त कार्यक्रम में डी.एस.पी. (अजाक) श्री राजेन्द्र मोहन दुबे, रक्षित निरीक्षक पन्ना खिलावन सिह कंवर, यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार, एवं प्रशिक्षक प्र.आर. भान सिंह एवं इमरान खान सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।यह कार्यक्रम "सशक्त समाज दृ सुरक्षित शहर" के ध्येय को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो दिनांक 06 जनवरी 2026 तक निरंतर संचालित किया जाएगा।

### बीते दिनों प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने प्रमुखता से दिखाया था समाचार

## पवई से मुरकुछु मार्ग पर हुई लीपापोती, गड्ढे जस के तस

### जगह-जगह बने गड्ढे हादसों को दे रहे आमंत्रण







**पवई।** बीते दिनों प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के द्वारा 938 लाख रुपए की लागत से बने पवई से मुरकुछु बाया सुनवारी, जयपालनगर मार्ग 22 किलोमीटर जिसको बने हुए 2 वर्ष भी नहीं हुए हैं,उसकी जर्जर हालत को दिखाया था,इसके बाद ठेकेदार के द्वारा गड्ढों की लीपा पोती का कार्य लाल मुरम और नाम मात्र मे कही कही हल्के सीमेंट का उपयोग कर कार्य किया गया,हालांकि गड्ढों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। आखिर क्या वजह है कि शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधि सड़कों की हालात पर कोई संज्ञान नहीं ले रहे हो,चाहे बात पवई से सलेहा मार्ग की हो या फिर बात पवई तहसील के ग्लोब चौक से बाईपास रोड की हो जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। यही हालत पवई से हड़ा सुनादर मार्ग के थे जिस पर भी लीपापोती का कार्य जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के आगमन से पहले किया गया। जिसकी वजह से नगर वासियों में चर्चाओं का दौर जारी है कि इसी तरह के दौरे जिला कलेक्टर के होते रहें जिससे नगर सहित आसपास के सड़कों की स्थिति में सुधार हो सके। बता दें कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की गांव गांव को शहरों से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की संकल्पना पर देशभर में लाखों गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ा गया और आज भी लगातार शासन प्रशासन के द्वारा गांव गांव में सड़कों की मरम्मत और गांवों में सड़क बनाने का कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया जा रहा है, लेकिन अब इस तरह की पारदर्शी योजना भी भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुकी है। जी हां हम बात कर रहे हैं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पवई से सुनवारी, जयपालनगर होते हुए मुरकुछु तक बनाए गए लगभग 938 लाख रुपए की लागत से 22 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग जिसको बने हुए अभी दो वर्ष भी नहीं हुए हैं और सड़क जर्जर हो चुकी है। सड़क में जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं,जो हादसों और दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। ऐसे में सड़क की गुणवत्ता पर भी सवाल उठना लाजिमी है,जहां ठेकेदार के द्वारा सड़क निर्माण के बाद 5 वर्ष की गारंटी दी जाती है और यह सड़क तो गारंटी होने के बावजूद खस्ताहाल हो चुकी है।इसका निर्माण कार्य महाप्रबंधक मध्य प्रदेश ग्राम सड़क योजना पी आई यू पन्ना के द्वारा ग्रामीण विकास पन्ना के द्वारा किया गया था।

**इनका कहना है -**

तिराहे से लेकर नाले तक एवं गायत्री नगर के आंगे तक की रोड मे बहुत से गड्ढे हो गये है जिसे कुछ दिनों पूर्व भरने के नाम पर खानापूर्ति की गई है पुनः गड्ढे हो गये है दुर्घटनाएं हो रही है शीघ्र गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य कराया जाए जिससे हादसे ना हो

**रामसेवक सिंगरौल उर्फ बिट्टा, नागरिक**

गुणवत्ताहीन सडक निर्माण होने के उपरान्त निर्मित हुए गड्ढों को भरने मे लीपापोती की गई जिससे गड्ढों की स्तिथी जस की तस बनी हुई है दुर्घटना का डर बना रहता है।

**गायत्री चरण द्विवेदी**

### पुराने विवाद को लेकर युवक से मारपीट

## अमानगंज थाना में तीन आरोपियों पर मामला दर्ज नद गाँव ग्राम का मामला

**अमानगंज।** अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नंदगांव में पुराने विवाद को लेकर एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर अमानगंज पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राकेश यादव पिता बबलू यादव (उम्र 32 वर्ष) निवासी ग्राम नंदगांव ने थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि गांव के ही हरिराम यादव, राधेश्याम यादव एवं ज्ञान सिंह यादव द्वारा पुराने विवाद को लेकर उसके साथ मारपीट की गई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि इससे दो दिन पूर्व आरोपियों द्वारा उसके भाई के साथ भी विवाद एवं झगड़ा किया गया था, जिसकी रंजिश को लेकर यह घटना घटित हुई। मारपीट में फरियादी को चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच उपरांत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### व्यापारी ने ग्राहक के साथ की मारपीट अमानगंज थाना में मामला दर्ज

**अमानगंज।** अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत अमानगंज पुरानी बस स्टैंड नाला के पास व्यापारी द्वारा ग्राहक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर अमानगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी शैलेंद्र सिंह राजपूत पिता जगत सिंह राजपूत (उम्र 25 वर्ष) निवासी ग्राम गड़ोखर ने थाना अमानगंज में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने शिकायत में बताया है कि उसके पिता द्वारा व्यापारी से तीन बंडल सटक खरीदे गए थे, जिनमें से एक बंडल खराब एवं फटा हुआ निकला। फरियादी के अनुसार वह खराब सटक को बदलवाने के लिए व्यापारी के पास पहुंचा, लेकिन सटक बदलने के बजाय व्यापारी गुड्डा एवं अनमोल छिरोलिया निवासी अमानगंज द्वारा उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी गई। घटना पुरानी बस स्टैंड के नाला पास के समीप घटित होना बताई जा रही है। मारपीट में फरियादी को चोटें आई हैं। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### कमताना सोसायटी के धान खरीदी केंद्र कृष्णा वेयर हाउस पर किसान परेशान

**अमान गज** पन्ना जिले के । कमताना सोसायटी अंतर्गत धान खरीदी केंद्र कृष्णा वेयरहाउस में किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासन द्वारा तय किए गए धान खरीदी के नियम किसानों की चिंता बढ़ा रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि धान की तौल हो जाने के बावजूद उसका भंडारण नहीं किया जा रहा है।किसानों का कहना है कि कई दिनों से वे खरीदी केंद्र के चक्कर काट रहे हैं। धान की तौल तो कर ली गई है, लेकिन उसे गोदाम में रखने से मना किया जा रहा है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक तनाव भी झेलना पड़ रहा है।

## मेधावी छात्र एवं छात्रा ने किया शैक्षणिक भ्रमण







### भ्रमण उपरान्त किया गया स्वागत

**पवई।** म.प्र. शासन द्वारा प्रदेश के सांदीपनी विद्यालयों के विगत वर्ष के कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण एक मेधावी छात्र तथा एक छात्रा को शैक्षणिक भ्रमण पर गुजरात राज्य के विभिन्न स्थानों सोमनाथ मंदिर, समुद्र तट अक्षर धाम मंदिर, आई.आई.टी अहमदाबाद आदि कई स्थानों का भ्रमण करवाया गया जिसमें सांदीपनी विद्यालय पवई के छात्र आकाश पटेल तथा छात्रा चाहना यादव सम्मिलित हुए। छात्रों को विशेष ट्रेन के द्वारा ले जाया गया। इन छात्रों का जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्मान स्वागत किया गया। दस दिवसीय इस भ्रमण से वापसी पर पुनः जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्वागत के उपरांत संस्था के प्राचार्य आर.के. नगायच द्वारा छात्र तथा छात्रा का स्वागत किया गया।

## विभागीय अधिकारी एवं बैंकर्स समन्वय से कार्य कर प्रकरण स्वीकृति एवं ऋण वितरण कार्य में लाएं तेजी



### कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई डीएलसीसी बैठक

**पन्ना।** स्वरोजगारमूलक योजनाओं में निरंतर अपेक्षित प्रगति के लिए विभागीय अधिकारी एवं बैंकर्स समन्वय के साथ कार्य करें। वर्तमान वित्तीय वर्ष की शेष समयावधि में लक्ष्य मुताबिक हितग्राहीमूलक योजनाओं का वितरण सुनिश्चित किया जाए। नवीन जरूरतमंद हितग्राही का भी अपने स्तर पर चिन्हांकन करें। यह निर्देश कलेक्टर ऊषा परमार ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई डीएलसीसी बैठक में उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारी तथा बैंकर्स को दिए। उन्होंने कहा कि प्रकरण स्वीकृति उपरांत परियोजना के सफल संचालन का फॉलोअप भी करें। लक्ष्य के विरूद्ध प्रकरण स्वीकृति व ऋण वितरण कार्य में तेजी लाएं। बैठक में बैंकवार लंबित प्रकरण की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि वर्तमान में मुद्रा लोन एवं बैंक लिंकेज की स्थिति ठीक नहीं है। आगामी बैठक में इस संबंध में हुई प्रगति की समीक्षा भी होगी। उन्होंने आजीविका मिशन की टीम द्वारा बैंक में संपर्क कर स्वसहायता समूह की महिलाओं को आजीविका लोन वितरण में प्रगति लाने के लिए भी कहा। साथ ही पीएम विश्वकर्मा योजना सहित हितग्राहियों को जरूरत मुताबिक आसानी से अन्य योजनाओं में ऋण स्वीकृति के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के नए लक्ष्यों पर भी विशेष फोकस किया जाए। जिला अधिकारी द्वारा अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को तय दिवस पर जानकारी के साथ बैंक भेजने तथा सकारात्मक सोच के साथ दायित्वों का निर्वहन करने के लिए कहा। जिला कलेक्टर द्वारा बैंको के माध्यम से संचालित ब्याज सब्सिडी स्कीम की समीक्षा कर व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए। इस योजना में अधिकतम 9 लाख रूपए वार्षिक आय वाले आवेदक को 25 लाख रूपए तक का होम लोन 7.2 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर प्रदान किया जाता है। इसमें अधिकतम एक लाख 80 हजार रूपए तक की सब्सिडी का प्रावधान है।

### इकाई स्थापना न करने पर हितग्राहियों से होगी वसूली

जिला कलेक्टर ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर शत प्रतिशत पात्र पशुपालकों को केसीसी से लाभांवित करने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय पशुधन मिशन अंतर्गत सेंट्रल बैंक की पन्ना एवं अमानगंज तथा इंडियन बैंक की पन्ना शाखा द्वारा बकरी पालन इकाईयों के लिए स्वीकृत ऋण के विरूद्ध लापरवाही एवं इकाई स्थापना न करने पर तीन हितग्राहियों के विरूद्ध आरआरसी दर्ज कर राशि वसूल करने के निर्देश भी दिए गए। इन हितग्राहियों को योजना में 25-25 लाख रूपए स्वीकृत किए गए थे। बैठक में मत्स्यपालन, अंत्यावसायी, उद्योग तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की योजनाओं की समीक्षा भी की गई। साथ ही अवगत कराया गया कि अग्रणी बैंक कार्यालय पन्ना द्वारा गत दिवस शिविर लगाकर डेफ अकाउंट में जमा 1.86 करोड़ रूपए के क्लेम का सेटअप किया गया है। इसके लिए आगामी दिवसों में पुनः अभियान चलाया जाएगा।

### 1 एवं 2 रूपए के सिक्के न लेने पर होगी कार्रवाई

डीएलसीसी बैठक में पन्ना जिले में 1 एवं 2 रूपए के सिक्के प्रचलन में न होने संबंधी जानकारी से अवगत कराया गया, जबकि सिक्के वैध रूप से अब भी प्रचलन में है। जिला कलेक्टर द्वारा इस पर नाराजगी व्यक्त की गई और संबंधित व्यापारी सहित अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खसरा एवं फसलवार प्रीमियम कटौती करने, आरसेटी संस्थान में वार्षिक कार्ययोजना मुताबिक ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों को प्रशिक्षण प्रदान करने तथा बैंक सखी का बैच तैयार करने के लिए भी निर्देशित किया गया। डीएलसीसी बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं लीड बैंक अधिकारी शमा बानो सहित विभागीय अधिकारी और समस्त बैंकर्स उपस्थित रहे।

## शास कन्या विद्यालय पवई में महाविद्यालय चलो अभियान की विद्यार्थियों को दी गई जानकारी



**पवई।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के पत्र अनुसार शासकीय महाविद्यालय पवई द्वारा कॉलेज चलो अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत गुरुवार को शासकीय उच्चतर कन्या विद्यालय में महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा छात्राओं को ई- प्रवेश ,शासन की हितग्राही योजनाएं जैसे (छात्रवृत्ति ,मेधावी, प्रतिभा किरण एवं गांव की बेटी योजना एवं खेल एवं पुस्तकालय तथा विषय विशेषज्ञ द्वारा विषय की चयन की जानकारी दी गई कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ज्योति डॉवर के मार्गदर्शन में गठित टीम में डॉ प्रवीण सिंह, डॉ सविता वर्मा ,डॉ शमशेर अली, डॉक्टर राजकरण कोरी, दीपेंद्र कुमार सतनामी, आशीष कुमार गंधर्व एवं विद्यालय से प्राचार्य, राम चरण गुप्ता एवं श्रीमती नीतू सैनी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## चन्द्रभान सेन सहा अध्यापक को कलेक्टर के अनुमोदन पर जिपं सीईओ ने सेवा से पदच्युत किया

**विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम छतरपुर ने दोषी पाकर सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से किया था दंडित**

**वर्ष 2016 में लोकायुक्त में पंजीकृत हुआ था अपराध**

**छतरपुर।** अतिथि शिक्षक को ज्वाइन कराने के संबंध में 2 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए चन्द्रभान सेन सहा अध्यापक (प्रभारी प्रधानाध्यापाक) शासकीय माध्यमिक शाला सूरजपुरा तहसील बड़ामलहरा को लोकायुक्त द्वारा रंगे हाथों पकड़े जाने पर वर्ष 2016 में मामला पंजीबद्ध किया गया था। साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा अभियोजन स्वीकृति जारी की गई थी। तदुपरांत इन्हें 4 जुलाई 2018 को निलंबित किया गया था। उक्त मामले में न्यायालय विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम छतरपुर के 31 दिसंबर 2022 के अनुसार पारित निर्णय में दोष सिद्ध पाए जाने पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा में सश्रम कारावास 4 वर्ष, 13 (1)(डी) सहपठित धारा 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में 5 वर्ष के साथ दोनो धाराओं में 10-10 हजार का अर्थदण्ड और 201 भा.दं.सं. में 1 वर्ष एवं 1 हजार रूपए का अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर 3 माह का सश्रम कारावास से दण्डित किया गया था। म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के 08 फरवरी 1999 के अनुसार शासकीय सेवक को आपराधिक प्रकरण में न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 10 (नौ) में प्रावधानिक सेवा में पदच्युत (क्पेउपेंस) करने का प्रावधान है। उक्त प्रकार के प्रकरणों में उच्चतम न्यायालय के न्यायिक दृष्टांत के अनुसार मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एव अपील) नियम 1966 के नियम 19 सहपठित नियम 14 एवं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (1) के अंतर्गत अपचारी शासकीय सेवक के विरूद्ध विस्तृत विभागीय जांच आवश्यक नहीं है। साथ ही संबंधित शासकीय सेवक को कार्यवाही के पूर्व कोई सूचना देना भी आवश्यक नहीं है। अर्थात दण्डादेश सीधे पारित एवं जारी किया जा सकता है। अतः उक्त आदेशानुसार एवं कलेक्टर पार्थ जैसवाल के अनुमोदन उपरांत जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने चन्द्रभान सेन निलंबित सहा. अध्यापक शा.मा.शाला सूरजपुरा संकुल शा. उ.मा.वि. भगवां को शासकीय सेवा से पदच्युत (क्पेउपेंस) कर दिया है।

## टाइटन आयरन स्क्रैप ट्रेडर्स पर एसजीएसटी का छापा



**24 घंटे से अधिक समय से चल रही जांच**

**छतरपुर।** शहर के नौगांव रोड स्थित डिजिटल कॉलेज वाली गली में संचालित टाइटन आयरन स्क्रैप ट्रेडर्स कबाड़ प्रतिष्ठान पर स्टेट डिपार्टमेंट जीएसटी, मध्यप्रदेश द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। सतना से पहुंची 12 सदस्यीय एसजीएसटी टीम पिछले 24 घंटे से अधिक समय से लगातार मौके पर मौजूद रहकर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार टीम द्वारा प्रतिष्ठान के कारोबार से जुड़े दस्तावेज़, बिल-बुक, टैक्स रिटर्न, स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण रिकॉर्ड की गहन जांच की जा रही है। जांच के दौरान लेन-देन, कर अदायगी और स्टॉक से संबंधित कई बिंदुओं पर बारीकी से पड़ताल की जा रही है। कार्रवाई देर रात तक जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। स्टेट टैक्स ऑफिसर सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि स्क्रैप ट्रेडर्स के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी कि वे नियमानुसार टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। इसी शिकायत के आधार पर जीएसटी संबंधी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह कबाड़ की दुकान से जुड़ा मामला है और 24 घंटे से जांच जारी है। अभी तक दुकानदार द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जा सके हैं।

### पुरूष क्रिकेट प्रतियोगिता में छतरपुर की टीम रही विजेता

## संभाग स्तरीय महिला एवं पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

छतरपुर

**मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर सत्र 2025-26 के अनुसार संभाग स्तरीय महिला एवं पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय छतरपुर के तत्वावधान में सांईं एकेडमी क्रिकेट ग्राउंड पर किया जा रहा है।** क्रीड़ा प्रभारी प्रो. बीके प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 एवं 14 दिसंबर को संभाग स्तरीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। वहीं 15 दिसंबर से 18 दिसंबर तक संभाग स्तरीय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें सागर संभाग के सभी जिलों की टीमों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता के तहत 15 दिसंबर को टीकमगढ़ एवं सागर के मध्य मैच खेला गया, जिसमें टीकमगढ़ की टीम विजयी रही। 16 दिसंबर को पन्ना एवं टीकमगढ़ के बीच हुए मुकाबले में पन्ना की टीम ने जीत दर्ज की। इसके बाद 17 दिसंबर को निवाड़ी एवं छतरपुर के मध्य मैच खेला गया, जिसमें छतरपुर की टीम



विजयी रही। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 18 दिसंबर को छतरपुर एवं पन्ना के बीच खेला गया जिसमें छतरपुर ने जीत हासिल की। पहले यह सभी मैच सांईं एकेडमी की मेजबानी में आयोजित किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यही वह ग्राउंड है जहां से राष्ट्रीय खिलाड़ी क्रांति गौड़ ने निकलकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रो. प्रजापति ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना है, ताकि वे आगे चलकर जिले, संभाग एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकें। इस प्रतियोगिता से चयनित विजेता टीम सागर संभाग की ओर से दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में रीवा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेकर संभाग का प्रतिनिधित्व करेगी।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला, स्टेडियम के बाहर हुआ घटनाक्रम**

## नौगांव में दो पक्षों के बीच विवाद, मारपीट का वीडियो आया सामने

**छतरपुर।** जिले के नौगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम के बाहर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति बन गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार किसी बात को लेकर शुरू हुई बहस ने उग्र रूप ले लिया, जिसके बाद गंगेले और गुप्ता परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। पुलिस ने वीडियो के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि वीडियो फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बड़ामलहरा में 24 दिसंबर को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आई.टी.आई. एवं जिला उद्योग विभाग के द्वारा 24 दिसंबर 2025 बुधवार को प्रातः 11 बजे से शासकीय महाविद्यालय बड़ामलहरा जिला छतरपुर में 1 दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु के युवक एवं युवतियों भाग ले सकते हैं। इस मेले में 8वी से स्नातक, आई.टी.आई योग्यताधारी आकांक्षी युवक एवं युवतियों की भर्ती हेतु विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियां संसूर सृष्टि हर्बल प्रा. लि. छतरपुर, टाटा मोटर्स प्रा. लि. सानंद गुजरात, वर्धमान यार्न मण्डीदीप प्रा. लि.भोपाल, श्री राम पिस्टन एंड रिंग लिमिटेड भिवाड़ी, एडु एडवांटेज प्राइवेट लि. सागर, टेलेंट कॉर्प सोल्युसन प्रा.लि., माइंड लेब्स मिडिया टेक प्रा., एस.आई.एस. सिक्योरिटी सर्विस, इंटिग्रेडेड पर्सनल सर्विस लि. एसबीआई लाईफ छतरपुर, पुखराज हेल्थकेयर प्रा. लि. जबलपुर, ग्रेट ऑर्गनिक डायमंड प्रा. लि., जे.बी.एम. आटो प्रा. लि. गुडगांव, महिंद्रा लोजिस्टिक लि. झाझर, गेल इंस्टिट्यूट ऑफ स्किल्स, लि. गुना आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा

## पुलिस ने पकड़ी 19 पेटी अवैध शराब, आरोपी फरार



**छतरपुर।** पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। थाना राजनगर पुलिस को भ्रमण के दौरान ग्राम रखैलपुरवा, पिपट के एक घर के सामने अवैध शराब संग्रह संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान पहुंचकर घर के सामने रखी 19 पेटी, 171 लीटर अवैध शराब कीमत करीब 120000 रुपए से अधिक बरामद की गई। अवैध शराब में संलिप्त फरार आरोपी के विरुद्ध थाना राजनगर में आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी राजनगर निरीक्षक परशराम डाबर, स.उनि. समीम उल हक, प्र.आर विक्रम रेले, आरक्षक शिवकुमार, संजय सिंह, अंकित, म.आर. नीतू एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

### 20 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला

## परिजनों ने गांव के युवक पर भगाकर ले जाने का आरोप लगाया

**छतरपुर।** जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीरा से 20 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। ग्राम पीरा निवासी केसर अहिरवार के माता-पिता ने गांव के ही एक युवक पर बेटी को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है। गुरूवार को युवती के माता-पिता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर पुत्री को जल्द ढूंढने की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार केसर अहिरवार की मां नुन्नू अहिरवार पति गणेशा अहिरवार ने 2 दिसंबर 2025 को गुलगंज थाने में बेटी के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 2 दिसंबर को केसर अहिरवार घर से यह कहकर निकली थी कि वह बाजार जा रही है, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने



आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं मिला। मां का आरोप है कि गांव में ही रहने वाला गणेश अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। परिजनों का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने गुलगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक युवती का पता नहीं लगा सकी है।

पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट परिजन अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और शिकायत करते हुए अपनी बेटी को सकुशल घर वापस लाने की मांग की है। उन्होंने मामले में शीघ्र कार्रवाई कर आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और युवती की तलाश जारी है।

## सड़क किनारे खड़े बस-ट्रक दे रहे बड़े हादसों को न्योता

**छतरपुर। शहर की व्यस्ततम नौगांव रोड इन दिनों अवैध बस स्टैंड का रूप ले चुकी है। सड़क के दोनों ओर खड़ी बसें, ट्रक और अन्य भारी वाहन बड़े हादसों को खुला न्योता दे रहे हैं। करीब 50-60 फीट चौड़ी इस सड़क पर दिनभर भारी वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग के कारण आवागमन के लिए मात्र 25-30 फीट जगह ही बचती है।**



सड़क किनारे बनी इमारतों में संचालित बैंकों, विभिन्न एजेंसियों और मोटरसाइकिल शोरूम के ग्राहकों द्वारा भी वाहन सड़क पर ही खड़े कर दिए जाते हैं। क्रिश्चियन स्कूल के बस स्टैंड की ओर डिवाइडर के पास, मोटरसाइकिल एजेंसियों, बैंकों के सामने और वाहन सर्विस सेंटरों के बाहर खड़ी गाडियों के चलते आए दिन लंबा जाम लग रहा है। इससे यात्रियों और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

इस संबंध में यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत ने बताया कि सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में प्रस्ताव रखा गया है कि ट्रांसपोर्ट नगर का जीर्णोद्धार कर नगर पालिका द्वारा ट्रक एवं दिल्ली रूट सहित बाहर जाने वाली बसों के लिए अस्थायी बस स्टैंड के रूप में उपयोग किया जाएगा। फिलहाल वहां जीर्णोद्धार का कार्य होना है, इसलिए कलेक्टर के निर्देश पर बसों की पार्किंग की व्यवस्था करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों से निजात मिल सके। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में जैसे ही व्यवस्थित सुविधा उपलब्ध होगी, सभी वाहन वहीं पार्क कराए जाएंगे। ट्रांसपोर्ट नगर के बाहर खड़े वाहनों पर यातायात विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है और वाहन चालकों को समझाइश भी दी जा रही है कि सड़क किनारे वाहन पार्क न करें। यातायात प्रभारी ने बताया कि बैंकों के बाहर वाहन पार्क किए जाने की शिकायत पर संबंधित बैंकों को नोटिस जारी किए गए हैं। बैंकों के आसपास खड़े वाहनों पर भी कार्रवाई की जा रही है। शोरूमों के सामने पार्किंग की समस्या पर भी सख्ती बरती जा रही है, क्योंकि शोरूम के पास विधिवत पार्किंग होना अनिवार्य है। जिन भवनों के निर्माण के दौरान पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई है, उनके मामलों में नगर पालिका को संज्ञान लेकर नोटिस जारी करना चाहिए।

## मारपीट की घटना में शामिल 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**छतरपुर।** लवकुशनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदला रोड पर पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कुल 5 लोग घायल हो गए। घटना बीते रोज की बताई जा रही है। मारपीट का वीडियो वायरल होने और दोनों पक्षों के फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना लवकुश नगर में भारतीय न्याय संहिता की समुचित धाराओं में पृथक पृथक अपराध पंजीबद्ध किया गया था। झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था।

पुलिस टीम द्वारा उक्त विवाद में सम्मिलित तीन अभियुक्त अज्जू खान पिता रशीद मोहम्मद निवासी विधायक कॉलोनी लवकुश नगर, सानू खान पिता रशीद मोहम्मद निवासी विधायक कॉलोनी लवकुश नगर, विधि विरुद्ध किशोर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया। विवेचना कार्यवाही जारी है।

### जिला अधिवक्ता संघ चुनाव, आज होगा मतदान

## 934 अधिवक्ता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**छतरपुर।** जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता रवि पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ के कुल 934 मतदाताओं मतदान करेंगे। मतदान शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा, जबकि मतगणना अगले दिन की जाएगी।




चुनाव अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदान के लिए अधिवक्ताओं का रजिस्ट्रेशन पत्र एवं वोटर लिस्ट में नाम होना अनिवार्य है। मतदान केंद्र से 50 फीट की दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं प्रत्याशियों के बैनर व पोस्टर मतदान केंद्र से 500 मीटर की दूरी पर लगाए जाएंगे। चुनाव के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहेगा। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, भाई-भतीजावाद या लालच का प्रयोग पाए जाने पर संबंधित प्रत्याशी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### पदवार प्रत्याशी इस प्रकार हैं—

अध्यक्ष पद के लिए नरेन्द्र कुमार त्रिवेदी, एड. शिवप्रताप सिंह चौहान (रिशु), कुशवाहा रामनारायण, राकेश कुमार दीक्षित, नरेन्द्र कुमार खरे, मनोज कुमार व्यास, विनोद कुमार दीक्षित उर्फ गुड्डु वकील चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र सिंह के निर्देश पर विशेष न्यायाधीश उपेंद्र प्रताप सिंह एवं न्यायाधीश अरविंद सिंह गुर्जर की निगरानी में चुनाव प्रक्रिया कराई जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। तदर्थ चुनाव समिति द्वारा दो पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। पुराने अधिवक्ता संघ कार्यालय में विकलांग एवं वृद्ध अधिवक्ताओं के लिए मतदान की विशेष व्यवस्था की गई है, जबकि शेष अधिवक्ता नवीन अधिवक्ता संघ कार्यालय में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## भूगोल विभाग के दो जेआरएफ शोधार्थियों के एसआरएफ में प्रोमोशन हेतु बैठक संपन्न

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर के भूगोल अध्ययन शाला एवं शोध केंद्र में कुलगुरु प्रो. राकेश कुशवाह के संरक्षण विभागाध्यक्ष डॉ. आर. एस. सिसोदिया के निर्देशन में जेआरएफ शोधार्थियों को एसआरएफ में प्रोमोशन हेतु एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में डॉ. बृजेश मिश्रा, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, बी. के. डी. महाविद्यालय, झांसी (उ.प्र.) उपस्थित रहे। साथ ही शोध निर्देशक डॉ. कृष्णा शुक्ला एवं डॉ. भागवत नारायण रैकवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर जेआरएफ शोधार्थी आदित्य प्रजापति एवं मुचकुंद शुक्ला ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने-अपने शोध कार्यों की प्रगति, उद्देश्य, कार्यविधि एवं प्रारंभिक निष्कर्ष प्रस्तुत किए।



प्रस्तुतीकरण के उपरांत विषय विशेषज्ञों द्वारा शोध कार्य की गुणवत्ता पर चर्चा करते हुए महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए गए। विशेषज्ञों ने शोध में आद्यतन साहित्य समीक्षा को और सुदृढ़ करने, आँकड़ों के विश्लेषण में उन्नत सांख्यिकीय एवं त्रढ्स तकनीकों के उपयोग, मैदानी सर्वेक्षण की गहराई बढ़ाने तथा शोध निष्कर्षों को नीति-निर्माण एवं क्षेत्रीय विकास से जोडऩे पर विशेष बल दिया। साथ ही शोध पत्रों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित करने हेतु भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक गुरु ओम मनु, विषय विशेषज्ञ अभिषेक सोनी, बृजगोपाल कुशवाहा, अनुराग सिंह एवं प्रदीप कुमार पटेल सहित शोधार्थी एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य शोध प्रगति का मूल्यांकन कर जेआरएफ से एसआरएफ में प्रोमोशन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना रहा।

## छतरपुर के जिस घोटाले को कैग रिपोर्ट ने पकड़ा, उस पर कार्रवाई करने से बच रहा प्रशासन

**शिकायत के तीन महीने बाद भी राजस्व अधिकारियों को बचा रहा तहसील का अमला**

**छतरपुर।** 2022 में भारत सरकार की सबसे बड़ी ऑडिट संस्था कैग के द्वारा जारी रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि छतरपुर जिले में सूखा राहत और आपदा से जुड़ी मुआवजा राशियों के आवंटन में स्थानीय पटवारियों और राजस्व अधिकारियों ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। कई पटवारियों ने किसानों के लिए आए मुआवजे को अपने रिश्तेदारों के खाते में डलवा लिया था। कई मामले ऐसे थे जिनके प्रमाणिक साक्ष्य कैग की रिपोर्ट के जरिये जिला प्रशासन को दिए गए लेकिन फिर भी छतरपुर में इतनी बड़ी रिपोर्ट के बावजूद किसी पटवारी पर न तो एफआईआर हुई और न ही उन्हें बर्खास्त किया गया। यद्यपि ऐसे ही मामलों में मप्र के कई जिलों में पटवारी बर्खास्त किए जा चुके हैं।

इस मामले में जिला प्रशासन और तहसील अमला अपने कर्मचारियों को पाक साफ बनाने के लिए किस हद तक जा रहा है इसका उदाहरण हाल ही में सामने आया है जब कांग्रेस नेत्री दीप्ती पाण्डेय के द्वारा की जा रही इसी मामले से जुड़ी शिकायतों को भी कचरे के ढेर में फेंक दिया गया जबकि इन्हीं शिकायतों के आधार पर मप्र के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राहत शाखा आयुक्त को पत्र लिखकर जांच के लिए कहा था। कलेक्टर ने इस मामले में दीप्ती पाण्डेय की शिकायत मिलने के बाद एक जांच टीम तो बनाई लेकिन उस जांच टीम ने भी तीन महीने बाद तक कोई एक्शन नहीं लिया। जांच टीम का कहना है कि उन्हें तहसील का अमला जानकारियां ही नहीं दे रहा।

### कांग्रेस ने कहा लीपापोती में जुटा प्रशासन

कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष दीप्ती पाण्डेय ने बताया कि वर्ष 2017-18 में छतरपुर में आपदा राहत एवं सूखा राहत घोटाले की प्रमाणित रिपोर्ट 2022 की कैग रिपोर्ट में सामने आ चुकी है। इसी रिपोर्ट एवं कुछ अन्य शिकायतों को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सूखा राहत में हुए भ्रष्टाचार से जुड़े प्रमाण और साक्ष्य उन्होंने प्रशासन को उपलब्ध कराए, इसके बावजूद जांच प्रक्रिया को जानबूझकर लंबित रखा जा रहा है।

दीप्ती पाण्डेय ने बताया कि कलेक्टर द्वारा 22 सितंबर 2025 को तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था इस समिति में जिले के भू अभिलेख अधिकारी आदित्य सोनकिया, सहायक अधीक्षक रामलाल गुप्ता और राजस्व निरीक्षक सरमनलाल विश्वकर्मा को रखा गया था। कलेक्टर ने इस समिति को 15 दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन लगभग तीन महीने बाद भी समिति द्वारा कोई रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने बताया कि सूखा राहत में हुई गड़बडियों को लेकर उन्होंने कई बार कलेक्टर को आवेदन दिए। साथ ही कैग की रिपोर्ट में भी गंभीर अनियमितताएं उजागर हो चुकी हैं। इसके बावजूद जांच समिति द्वारा कोई ठोस निष्कर्ष सामने नहीं लाया गया। दीप्ती पाण्डेय ने कहा कि प्रशासन द्वारा दी जा रही सफाई से वह पूरी तरह असंतुष्ट हैं। उन्होंने चौका, काशीपुरा और पिपोराखुर्द गांवों से संबंधित आरटीआई के माध्यम से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जुटाए हैं। उनका आरोप है कि सूखा राहत राशि में हुए भ्रष्टाचार को जानबूझकर दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

## 25 दिसम्बर से पूर्व ग्राम रोजगार सहायक, सचिव एवं मेट के माध्यम से ई-केवाईसी कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कराएं

रीवा

**जिला पंचायत सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जिला प्रबंधक एनआरएलएम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, उपयंत्री, बी.एम. एवं ए.बी.एम. एनआरएलएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में एक बगिया माँ के नाम योजना की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले की प्रगति प्रदेश स्तर पर 34वें स्थान पर है, जबकि 21 नवम्बर 2025 को जिला 22वें स्थान पर था। लक्ष्य 900 कार्यों के विरुद्ध मात्र 852 कार्य स्वीकृत किए गए हैं।**



सबसे कम प्रगति जनपद पंचायत गंगेव (86) एवं रीवा (89) की पाई गई। डैशबोर्ड पर केवल 778 कार्य दर्शित हैं। मजदूरी मद में 48.40 लाख रुपए तथा सामग्री मद में 48.16 लाख रुपए व्यय होने के कारण जिले को 100 में से केवल 49.73 अंक प्राप्त हो रहे हैं। अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर शेष कार्यों की स्वीकृति एवं भुगतान में सुधार के निर्देश दिए गए। महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत सक्रिय श्रमिकों की ई-केवाईसी प्रगति मात्र 38.34 प्रतिशत पाई गई। जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान, गंगेव, हनुमना एवं त्योथर में प्रगति अत्यंत कम होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। निर्देश दिए गए कि 25 दिसम्बर 2025 से पूर्व ग्राम रोजगार सहायक, सचिव एवं मेट के माध्यम से ई-केवाईसी कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाए। बैठक में नरेगा के रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन की भी समीक्षा की गई। वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2025-26 तक कुल 449 मजदूरी भुगतान के ट्रांजेक्शन लंबित पाए गए। इन्हें 20 दिसम्बर 2025 तक निराकृत करने तथा भविष्य में 24 घंटे के भीतर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही समयबद्ध मजदूरी भुगतान की स्थिति पर चर्चा करते हुए बताया गया कि वर्ष 2025-26 में यह प्रतिशत 94.59 है। भुगतान में विलंब होने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### पीएम उज्ज्वला योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को मिलेंगे निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन

रीवा। भारत सरकार ने देश भर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना पीएमयूवाय 3.0 के अंतर्गत 25 लाख नए निःशुल्क घरेलू एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह योजना गरीब एवं वंचित परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती रसोई ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। इस संबंध में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी की अध्यक्षता में गत दिवस बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीजीएम इंडेन मंडल प्रमुख जबलपुर समीर शुक्ला भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के विस्तारित चरण 2025 के अंतर्गत जिले के पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिये जायेंगे। डीजीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत मई 2016 में गरीब परिवारों की महिलाओं को बिना जमा राशि के एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। योजना के अंतर्गत अब तक देश भर में 10 करोड़ 33 लाख से अधिक एलपीजी कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं, जिससे स्वच्छ ईंधन तक पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पारंपरिक ईंधन से होने वाले धुएं से मुक्ति मिलने के कारण महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, साथ ही घरेलू वायु प्रदूषण और वनों की कटाई में भी कमी आई है। इसके अतिरिक्त, ईंधन एकत्र करने में लगने वाला समय बचने से महिलाएं शिक्षा, आजीविका और परिवार के अन्य कार्यों पर अधिक ध्यान दे पा रही हैं। बैठक में अर्जित घोष डीएनओ संबंधित विभागीय अधिकारी, गैस वितरक एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जमीनी विवाद में चली लाठी 4 महिला-पुरुष घायल, शाहपुर थाना क्षेत्र के कोठार गांव की घटना

रीवा। मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के कोठार गांव में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बाड़ी काटने को लेकर दबंगों ने एक ही परिवार के सदस्यों पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें महिलाएं भी शामिल एक घायल की हालत गंभीर बनी हुई है। जिन्हे संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार, विनोद यादव की जमीन में लगी बारी को राजू सिंह उर्फ राजबहादुर सिंह काट रहा था। जब बिनोद यादव की पत्नी शीला यादव ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर विनोद यादव, उनकी मां शितलिया यादव बेटा रजनीश यादव और भाई नीलेश यादव मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने लगे। पीड़ितों के मुताबित इसी दौरान अभिषेक सिंह, अमित सिंह और लालजी सिंह भी वहां पहुंच गए और सभी ने मिलकर हाथ-मुक्कों और लाठी-डंडों से पूरे परिवार पर हमला कर दिया।

आरोप है कि हमलावर घर के अंदर से महिलाओं को खींचकर बाहर लाए और बेरहमी से पीटा। घटना में विनोद यादव को सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उनकी हालत गंभीर है।

## पीड़ितों को समय पर राहत राशि का वितरण करें - कमिश्नर

### कलेक्टर राहत राशि वितरण और जाति प्रमाण पत्र की करें समीक्षा

**रीवा**। कमिश्नर कार्यालय सभागार में अत्याचार निवारण अधिनियम की संभागीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि अत्याचार पीड़ितों के प्रकरण दर्ज होने पर तत्परता से राहत राशि का वितरण कराएं। कलेक्टर साप्ताहिक टीएल बैठक में पीड़ितों को राहत राशि के वितरण और जाति प्रमाण पत्र जारी करने की समीक्षा करें। शासन के प्रावधानों के तहत पीड़ितों का समुचित पुनर्वास कराएं। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल बस्तियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके शासन की योजनाओं की जानकारी दें। इन कार्यक्रमों में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग, एसडीएम तथा एसडीओपी अनिवार्य रूप से शामिल हों। पुलिस अधीक्षक अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों का समय पर चालान प्रस्तुत कराएं जिससे पीड़ति को राहत राशि दी जा सके। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संभाग में विभन्न न्यायालयों में बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं। पुलिस अधिकारी तथा शासकीय अधिवक्ता प्रकरण की सुनवाई से पहले पीड़ितों और गवाहों की काउंसलिंग करें, जिससे वे कोर्ट में निर्भय होकर अपना बयान दे सकें। अनुसूचित जाति और जनजाति के साथ यदि किसी तरह का अत्याचार हुआ है तो दोषी को सजा दिलाएं। कलेक्टर हर तीन माह में जिला और खण्ड स्तर की बैठकें आयोजित कर प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करें। न्यायालय से जिन प्रकरणों में आरोपियों को सजा दी गई है उनके निर्णय की प्रति प्राप्त करके पीड़ति को राहत राशि की अंतिम किश्त का भुगतान कराएं। अत्याचार पीड़ति परिवार का यदि कोई बच्चा छात्रावास में रहकर पढ़ाई करते हुए



परीक्षा में सफल नहीं होता है तो भी उसे आगे पढ़ाई और छात्रावास की सुविधा दें।बैठक में उपायुक्त जनजातीय कार्य जेपी यादव ने गत बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने कहा कि अनुसूचित जनजाति के पीड़ितों को राहत राशि देने के लिए तीन माह से आवंटन लंबित है। इसके लिए वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराया गया है। सभी जिलों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। पीड़ितों के लंबित जाति प्रमाण पत्रों की सूची जिला संयोजक प्राप्त करके संबंधित एसडीएम को उपलब्ध कराएंगे जिससे समय पर जाति प्रमाण पत्र जारी हो सके। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस, अपर कलेक्टर मऊगंज तथा सिंगरौली एवं जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता तथा पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### गलत पदस्थापना का विरोध करने पर सत्याग्रहियों को जेल भेजना प्रशासनिक दमन

## भाजपा शासन में लोकतंत्र की हत्या हो रही : अजय खरे

रीवा

समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे एवं सामाजिक कार्यकर्ता शैषमणि शुक्ला ने एक प्रेस विज्ञप्ति में मऊगंज जिलाध्यक्ष कार्यालय के सामने गत चार दिनों से धरना पर बैठे सत्याग्रहियों को जेल भेजने की कार्यवाही की तीव्र भर्त्सना करते हुए इसे प्रशासनिक निरंकुशता और लोकतंत्र पर हमला बताया है। आंदोलनकारियों की मुख्य मांग यह है कि मऊगंज कलेक्टर ने जिस व्यक्ति को गलत तरीके से स्टेनो पद का कार्यभार दे रखा है उसे तत्काल प्रभाव से हटाया जाए जिससे जनसाधारण को राहत मिल सके। देखने में आया कि पहले दिन जब सत्याग्रह शुरू हुआ तभी प्रशासन ने मनमाने तरीके से माइक और टेंट को हटा दिया। लोकतंत्र में लोगों को अपनी बात करने का हक है फिर भी जिला प्रशासन ने शांतिपूर्ण आंदोलनकारियों पर अनुचित दबाव बनाने की कोशिश की लेकिन देश बचाओ आंदोलन के बैनर तले मुद्रिका त्रिपाठी के नेतृत्व में आंदोलनकारियों ने भीषण ठंडी में पूरी रात्रि जागरण करते हुए धरना को जारी रखा। मुद्रिका त्रिपाठी ने अर्धनग्न स्थिति में अपना विरोध दर्ज कराया। सत्याग्रह के दूसरे दिन प्रशासन ने आंदोलनकारी को संबंधित मांग को लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया लेकिन आंदोलनकारियों ने मांग पूरी नहीं होने तक सत्याग्रह जारी रखने का निर्णय लिया और प्रशासन को यह भी चेतावनी दी कि यदि शीघ्र मांग पूरी नहीं की गई तो वह अगला कदम उठाएंगे। गुरुवार को करीब आठ सत्याग्रहियों ने अर्धनग्न स्थिति में कलेक्टर परिसर के अंदर प्रवेश करके जमीन पर लेटकर सत्याग्रह किया। लेकिन प्रशासन के द्वारा संबंधित स्टेनो के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय सत्याग्रहों के खिलाफ झूठे आपराधिक मामले गढ़कर लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या की गई है। मऊगंज जिला प्रशासन की इस मनमानी से भाजपा सरकार के खिलाफ लोगों की नाराजगी और तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली है।

## शहर में बदमाशों का तांडवः आधे घंटे में दो पेट्रोल पंपों पर हथियार के बल पर लूट, सीसीटीवी में कैद वारदात

**रीवा।** शहर में बुधवार की देर रात बदमाशों का आतंक देखने को मिला। विश्वविद्यालय थाना और समान थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित दो अलग-अलग पेट्रोल पंपों पर हथियारबंद बाइक सवार युवकों ने लूट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। दोनों ही घटनाओं के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पूरी वारदात पेट्रोल पंपों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस अब बदमाशों की तलाश में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली घटना बुधवार रात करीब 11:30 बजे विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र स्थित गर्ग पेट्रोल पंप पर हुई। फिलिंग स्टेशन संचालक संदीप गर्ग ने बताया कि पैशन बाइक पर सवार दो युवक, जिनका चेहरा आंशिक रूप से ढका हुआ था, पेट्रोल भरवाने के बहाने पंप पर पहुंचे। आरोपियों ने पहले 30 रुपये का पेट्रोल डलवाया। इसी दौरान बाइक पर सवार एक युवक ने अचानक पिस्तौल निकालकर कर्मचारियों को गन पॉइंट पर ले लिया और काउंटर में रखी करीब 45 हजार रुपये की नगदी लूटकर फरार हो गया। पहली घटना के ठीक आधे घंटे बाद बदमाशों ने समान थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास स्थित जिओ पेट्रोल पंप को निशाना बनाया। रात करीब 12 बजे पहुंचे उन्हीं हथियारबंद बदमाशों ने वहां भी पहले की तरह 30 रुपये का पेट्रोल भरवाया और फिर कर्मचारियों को बंदूक की नोक पर ले लिया। आरोपियों ने कर्मचारियों की जेब में रखे करीब



5 हजार रुपये छीन लिए और मौके से फरार हो गए। दोनों घटनाओं की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय और समान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पेट्रोल पंपों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों ही वारदातों को एक ही पैटर्न पर और संभवतः एक ही गिरोह द्वारा अंजाम दिया गया है।उधर, बुधवार की रात ही समान थाना क्षेत्र में कुछ नकाबपोश बदमाशों ने एक रेस्टोरेंट में जमकर तोड़फोड़ भी की, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के थाना क्षेत्रों को भी अलर्ट कर दिया गया है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है

## पुलिस ने इंदौर से बरामद की गायब हुई दो बसे, पांच अन्य बसों की तलाश जारी

**रीवा**। किराए से चलाने को लेकर ली गई बसों में खयानत कर सात बसों को छुपा कर रखने के मामले में पुलिस ने दो बसें इंदौर से जप्त की है। मामले में आरोपी को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है जिसे न्यायालय में पेश किया गया था। इस पूरी कार्रवाई को लेकर जानकारी देते हुए सिविल लाइन थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि फरियादी संतोष तिवारी निवासी पुष्पराज नगर रीवा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि अनंतपुर में निवासी दर्शन सिंह परिहार द्वारा उनसे 7 बसे किराए पर चलाने के लिए ली गई थी। जिसके बाद दर्शन सिंह द्वारा खयानत कर बसों को कहीं छुपा दिया गया था और बसे वापस नहीं की जा रही थी। जांच के दौरान दर्शन सिंह को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायाय में पेश किया गया था। जिसके बाद पुलिस की एक टीम इंदौर गई और वहां से छुपाई गई दो बसों को जप्त कर रीवा लाया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि अभी पांच अन्य बसों की भी तलाश की जा रही है फिलहाल जप्त की गई दोनों बसों को बतौर सुरक्षा सिविल लाइन थाने में खड़ा कराया गया है।

## जागरूकता एवं परामर्श शिविर का आयोजन संपन्न

**रीवा**। जवा विकासखण्ड परिसर में हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत एक वृहद् जागरूकता एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रामबाग, सितलहा, पनवार सहित विभिन्न सेक्टरों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं अपने-अपने आंगनवाड़ी केन्द्रों की किशोरी बालिकाओं एवं योजना की महिला हितग्राहियों के साथ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके कानूनी, सामाजिक एवं संवैधानिक अधिकारों की जानकारी दी गई तथा किशोरी बालिकाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं के



संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। शिविर में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वूमेन हेल्पलाइन 181, शी-बॉक्स पोर्टल, वन स्टॉप सेंटर, गुड टच–बैड टच, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सहायता सेवाओं के उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई।

कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक सुश्री गरिमा मिश्रा, विकासखण्ड समन्वयक सिरमौर, जवा, रीवा, परियोजना अधिकारी सरिता सिंह एवं संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षकों की उपस्थिति रही। अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं से आह्वान किया गया कि वे शासन द्वारा उपलब्ध योजनाओं एवं सहायता सेवाओं का अधिकतम लाभ लें तथा समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। शिविर का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को सशक्त, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाना रहा, जिसे उपस्थित प्रतिभागियों ने सराहनीय एवं उपयोगी बताया।

## सीईओ जिला पंचायत ने दो खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

**रीवा**। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान दो धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। गुर्जर ने उपार्जन केन्द्र गुढ़ क्रमांक एक तथा गेरूई का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गुर्जर ने निरीक्षण करते हुए कहा कि किसानों से निर्धारित मात्रा में धान




लें। खरीदी केन्द्र में पर्याप्त तौलकांटे की व्यवस्था करें जिससे किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम गेरूई खरीदी केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराएं। समिति प्रबंधक तथा खरीदी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि किसानों से उपार्जित धान को व्यवस्थित स्टैगिंग कराकर रखें। उपार्जित धान का समय पर परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। धान लेते समय गुणवत्ता की निगरानी अवश्य करें। उपार्जित धान को गोदाम में पहुंचाकर स्वीकृति पत्रक जारी कराएं जिससे किसान को समय पर भुगतान हो सके। निरीक्षण के समय संबंधित अधिकारी तथा किसान उपस्थित रहे।

## खाद्यान्न का समय पर उठाव और वितरण कराएं - कमिश्नर

### हर विकासखण्ड में जल स्वावलंबी गांव

**रीवा**। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने उच्च प्राथमिकता के कार्यों की जिलेवार समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में आवंटित खाद्यान्न का समय पर उठाव करके उचित मूल्य दुकानों से वितरण कराएं। समय पर खाद्यान्न न पहुंचाने वाले परिवहनकर्ताओं पर कार्यवाही करें। राजस्व अधिकारी तथा अन्य अधिकारी उचित मूल्य दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर धान उपार्जन के संबंध में प्रतिदिन जानकारी लेकर इससे जुड़ी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। समितियों में उपार्जित धान का अधिकतम तीन दिवस में परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं जिससे किसानों को भुगतान हो सके। किसानों को अधिकतम सात दिवस की अवधि में भुगतान सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्रों में अवैध रूप से आने वाली धान पाए जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करें। सिकमी और बटाईदार किसानों के सत्यापन के मामले तीन दिवस में निराकृत करें। कमिश्नर ने कहा कि प्रत्येक विकासखण्ड में कम से कम एक पेयजल समस्यामूलक गांव का चयन करें। इस गांव में जल संरक्षण के कार्य कराकर इसे जल स्वावलंबी गांव बनाएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि नलजल योजनाओं की प्रगति की हर माह समीक्षा करें। पूर्ण नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कराकर उनका नियमित संचालन कराएं। समूह नलजल योजनाओं से जुड़े निर्माण कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा करें। कलेक्टर ई-आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करायें। रीवा संभाग संभागों की रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। ई-आफिस में कलेक्टर्स जिले की रैंकिंग में सुधार करें। सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भूमि विवाद से जुड़े सामुदायिक और साम्प्रदायिक विवादों पर कड़ी निगरानी रखें। विवाद की आड़ में उपद्रव करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही करें। इन विवादों का स्थाई समाधान करने के लिए विभिन्न समुदायों के साथ संवाद और समन्वय करके प्रकरणों का निराकरण करें। बैठक में डीआईजी हेमंत चौहान, सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## कोहरे के बीच चोरों ने घर में बोला धावा सोने चांदी का आभूषण और नकदी पार

### बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के कटकी गांव घटना

**रीवा।** बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोहरे के धुंध के बीच घर में घुसे चोरों ने ताला तोड़कर सोने चांदी की ज्वेलरी सहित नक़दी रुपए पार कर दिए। घटना के वक्त घर के दूसरे कमरे में लोग मौजूद थे, लेकिन चोरों ने इतनी सावधानी से वारदात को अंजाम दिया कि उन्हें जरा भी भनक तक नहीं लगी। पीड़ित परिवार ने सूचना पुलिस को दी है, जहां पुलिस ने फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए हैं और अब चोरों की पताशाजी शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम कटकी निवासी रामभूमन द्विवेदी के घर में 16 दिसंबर की सुबह अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया गया की घटना दिनांक को सुबह कोहरे का धुंध छाया हुआ था, जिसका फायदा उठाते हुए चोर घर के अंदर दाखिल हुए और ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। पीड़ित की मानी तो चोरों ने फरवरी माह में होने वाली बेटी की शादी के लिए जुटाए गए सोने चांदी के गहने समेत 50 से 60 हजार रूपयों की नगदी भी पार कर दिए हैं। पीड़ित द्वारा की गई शिकायत के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### विंध्य पूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा मनाया गया विजय दिवस

## वीर नारियों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों का हुआ सम्मान

**समाजसेवी संतोष कुमार मिश्र बराहटा को समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए किया गया सम्मानित क्षेत्र में खुशी की लहर**

**मऊगंज।** विंध्य पूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा मऊगंज के उत्सव पैलेस में आज विजय दिवस मनाया गया जिसमें वीर नारियों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान किया गया यह कार्यक्रम 1971 की लड़ाई में पाकिस्तान के 93 000 सैनिकों ने भारत के सैनिकों के सामने आत्मसमर्पण किया था जिसकी याद में विजय दिवस मनाया जाता है भारत देश के सैनिकों के शौर्य एवं पराक्रम का यह दिन बहुत महत्वपूर्ण हैविंध्य पूर्व सैनिक कल्याण संगठन की सभी पूर्व सैनिक मदरलैंड स्कूल के पास एकत्रित हुए एवं भारत माता की जयकारों के नारे लगाते हुए चाक मोड की तरफ से शहर के बीचो-बीच शाहिद केदारनाथ महाविद्यालय पहुंचे जहां शाहिद केदारनाथ के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इसके बाद उत्सव पैलेस पहुंचे पूर्व सैनिकों के जोश और जुनून से पूरा शहर भारत माता की जयकारों से गूंज उठा जगह-जगह नगर के व्यापारी संघ के अध्यक्ष छेदीलाल गुप्ता द्वारा पुष्प वर्षा कर पूर्व सैनिकों का स्वागत किया गया राज रेस्टोरेंट के संचालक के द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया इसके बाद राजस्थान मिष्ठान भंडार के





संचालक के द्वारा पुष्प वर्षा के द्वारा पूर्व सैनिकों का स्वागत किया गया पुराने बस स्टैंड के सामने अशोक बुक डिपो एवं राजेश गुप्ता के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया एवं नाश्ते और पानी पीने की व्यवस्था की गई इसके बाद सी एम राइस विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया मां गायत्री पब्लिक स्कूल के संचालक एवं डायरेक्टर के द्वारा पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गयासंगठन के मीडिया प्रभारी सुखवंत मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत माता की रक्षा के लिए सर में कफन बांधकर निकल पड़ते हैं ताकि हमारे देश के जनता चैन की नींद सो सके भारत माता का आंचल बदनाम ना होने पाए भारत माता की आंचल में दाग न लगने पाए चाहे वह कड़ाके की ठंड हो चाहे कितनी भी गर्मी हो हम लोगों को जब सीमा की रक्षा के जवाबदारी मिलती है तो पूरी बखूबी अपनी ड्यूटी निभाते हैं लेकिन जब हम रिटायर होकर अपने घर पहुंचते हैं तो पता लगता है कि हमारी ही जमीन कोई हड़प लिया है और फौजियों को कोर्ट कचहरी एसडीएम तहसीलदार के दरवाजे पर चक्कर काटने पड़ते हैं तब बड़ा दुख होता है समाजसेवी संतोष कुमार मिश्रा बरहटा को समाज में जागरूकता के योगदान के लिए सम्मानित किया गया संतोष कुमार मिश्रा को सम्मान मिलने से यदुवंश प्रसाद मिश्रा पूर्व सैनिक सुखवंत मिश्रा मनोज कुमार चतुर्वेदी मृत्युंजय चतुर्वेदी उमेश चतुर्वेदी विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पंकज मिश्रा संजय मिश्रा भूपेश चतुर्वेदी जानकी प्रसाद पटेल इन्द्रमणि प्रसाद शुक्ला महेंद्र गौतम हरिशंकर शुक्ला अरुण तिवारी विजय मिश्रा ज्ञानेंद्र सिंह परिहार विजय मिश्रा सतीश शुक्ला अवधेश चतुर्वेदी लक्ष्मी सिंह अमृतलाल साकेत सहित सैकड़ो लोगो प्रसन्नता व्यक्त की है।

## मऊगंज जिले को मिला 'एक जिला एक उत्पाद' का नया पहचान, टमाटर बना ओडीओपी, जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति गठित

**मऊगंज।** नवगठित जिले को औद्योगिक और कृषि विकास की दिशा में बड़ी सौगात मिली है। भारत सरकार की फ्लैगशिप योजना 'एक जिला एक उत्पाद' (**ODOP**) के तहत जिले के लिए टमाटर को आधिकारिक रूप से चयनित किया गया है। इसके साथ ही जिले में निर्यात और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समिति (**DEPC**) का गठन भी कर दिया गया है।कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के संचालनालय भोपाल के पत्र के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है।



टमाटर उत्पादन की व्यापक संभावनाओं, किसानों की भागीदारी और बाजार की मांग को देखते हुए इसे ओडीओपी के रूप में चुना गया है। इससे जिले के किसानों को बेहतर मूल्य, प्रसंस्करण इकाइयों को प्रोत्साहन और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के निर्देश पर जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर संजय कुमार जैन होंगे, जबकि पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संयुक्त कलेक्टर, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं। जिला औद्योगिक केंद्र के महाप्रबंधक को सदस्य-सचिव बनाया गया है।उल्लेखनीय है कि ओडीओपी योजना के तहत मध्यप्रदेश को वर्ष 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर कैटेगरी अवार्ड भी प्राप्त हो चुका है। मऊगंज जिले में इस योजना के लागू होने से टमाटर आधारित उद्योग, कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग और निर्यात को नई गति मिलने की उम्मीद है।प्रशासन का मानना है कि यह पहल मऊगंज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी।